मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड

कार्यालय : अधीक्षण अभियंता (एम.पी.सी. एवं प्रशिक्षण)
अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई जिला–अनूपपुर (म.प्र.) 484220
दूरभाष 07659–263787 ई मेल–setrgatps001@gmail.com

क्रमांकः 001–01/प्रशिक्षण/ 400 चचाई, दिनांक – 17/05/2019

विज्ञापन

म0प्र0राज्य के शासकीय/अर्ध शासकीय मान्यता प्राप्त इन्जीनियरिंग/ पोलिटेक्निक कालेजों से वर्ष 2017 या इसके बाद में उत्तीर्ण अभ्यर्थियो से निम्नलिखित शाखाओं मे 01 वर्ष के अप्रेंटिस हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में आमन्त्रित किये जाते है।

क्र.	शाखा	वर्ग	
		ग्रेज्युएट अप्रेंटिस (डिग्री)	टेक्निकल अप्रेंटिस (डिप्लोमा)
1	मैकेनिकल इन्जीनियरिंग	06	01
2	इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग	01	02
3	इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रोनिक्स इन्जीनियरिंग	01	00

प्रशिक्षण के लिए लागू नियम एवं शर्तेः–

1. शैक्षणिक /तकनीकी योग्यताः–
   क) ग्रेज्युएट अप्रेंटिस – म0प्र0 के मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी से इन्जीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिग्री।
   ख) टेक्निकल अप्रेंटिस – म0प्र0 के मान्यता प्राप्त तकनीकी शिक्षण संस्थान से इन्जीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा।
2. प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण समाप्त होने पर म0प्र0पॉ0ज0कं0लि0 द्वारा न तो कोई भी नियुक्ति देने की बाध्यता होगी और न ही प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात नियोक्ता के पास कार्य करने की बाध्यता होगी।
3. डाक द्वारा आवेदन प्रेषित करने की स्थिति में आवेदक जिस शाखा में प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर रहा है उस शाखा एवं वर्ग का नाम लिफाफे पर भी स्पष्ट रूप से अंकित किया जावे। केवल उपरोक्त शाखाओं मे उत्तीर्ण उम्मीदवार ही आवेदन करें।
4. आवेदन पत्र में अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण जानकारी अथवा असत्य जानकारी देने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
5. आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 26/06/2019 है निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। आवेदन पत्र प्राप्त होने में कोई विलम्ब होने/आवदेन पत्र गुम होने/फटने/नष्ट होने की स्थिति में म0प्र0पॉ0ज0कं0लि0 चचाई का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।
6. प्रशिक्षुओं को आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशिक्षण के दौरान कम्पनी के आवास रिक्त होने पर उपलब्धतानुसार ही निर्धारित शुल्क के आधार पर आवास आवंटित किये जा सकेगे। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर प्रशिक्षु स्वयं जिम्मेदार होगा। म0प्र0पॉ0ज0कं0लि0 की इसके लिए क्षतिपूर्ति की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
7. ग्रेज्युएट अप्रेंटिस को रू 4984/– एवं टेक्निकल अप्रेंटिस को रू 3542/– प्रतिमाह शिक्षुवृत्ति का भुगतान किया जावेगा।
8. आवेदक अपना आवेदन एवं सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रमाणित/सत्यापित/स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ प्रेषित करें। अनावश्यक प्रपत्र संलग्न न किये जावें। अन्य किसी भी प्रारूप में आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।
9. प्रशिक्षुओं का चयन उनकी शाखा में प्राप्तांको की प्रावीण्य सूची के आधार पर किया जावेगा।
10. अजा/अजजा/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण अप्रेंटिस एक्ट के प्रावधानों के आधार पर रहेगा।
11. किसी भी प्रशिक्षु का चयन/निरस्त करने का अधिकार बिना किसी कारण बताये म0प्र0पॉ0ज0कं0लि0 अपने पास सुरक्षित रखता है।
12. उपरोक्त पदों हेतु उन्ही उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार किये जावेगे जिन्होंने पूर्व में अप्रेंटिस एक्ट के तहत प्रशिक्षण नही लिया है तथा जिन्हे स्नातक/डिप्लोमा हासिल किये 03 वर्ष से कम हो। इस हेतु उम्मीदवार को घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

अधीक्षण अभियंता (एम.पी.सी. एवं प्रशिक्षण)
म0प्र0पॉ0ज0कं0लि0, चचाई

.... शाखा के प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र

आवेदन पत्र का प्रारूप

सत्यापित /स्वयं सत्यापित फोटो चस्पा करें

प्रति,

अधीक्षण अभियंता (एम.पी.सी. एवं प्रशिक्षण)
अमरकंटक ताप विद्युत केन्द्र
म0प्र0पा0ज0कं0लि0 चचाई
जिला–अनूपपुर (म0प्र0)
पिन – 484220

शाखा .... इंजीनियरिंग

1. वर्ग :– ग्रेज्युएट अप्रेंटिस / टेक्निकल अप्रेंटिस
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी मे) : ....
3. पिता / पति का नाम : ....
4. लिंग (महिला / पुरूष) : ....
5. जन्म तिथि : दिनांक.................. माह.................. वर्ष..................
6. मोबाइल नम्बर : ....
7. पत्र व्यवहार का पता : ....
....
....
8. स्थायी पता : ....
....
....
9. आप किस वर्ग मे आते है प्रमाण पत्र दें : अजा / अजजा /अपिव / विकलांग /सामान्य
10. क्या पूर्व मे अप्रेंटिस एक्ट के तहत प्रषिक्षण : क) समयावधि ....
प्राप्त किया है, यदि हॉ तो उसका विवरण : ख) संस्था का नाम एवं पता ....
....
....
....
11. शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी योग्यता :

परीक्षा / शाखा	शिक्षण संस्थान का नाम	सत्र	प्राप्तांक	पूर्णक	प्रतिशत

संलग्नक सहपत्र (सत्यापित/स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियॉ)

1. मूल निवास प्रमाण पत्र
2. शैक्षणिक योग्यता /इन्जीनियरिंग में डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण का अंकसूची
3. जाति प्रमाण पत्र (अनु0जाति/अनु0जनजाति/ अन्य पिछडा वर्ग/ विकलांग उम्मीदवारो के लिए

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मै .... आत्मज .... प्रमाणित करता हूॅ कि आवेदन पत्र मे दी गयी समस्त जानकारी पूर्णरूपेण सत्य है। असत्य / अपूर्ण जानकारी पाये जाने पर म0प्र0पा0ज0कं0लि0 द्वारा की जाने वाली समस्त कार्यवाही हेतु मै जिम्मेदार रहूॅगा।

आवेदक के हस्ताक्षर